रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72 [redacted] REGISTERED No. D. (D.N.)-72

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 13] नई दिल्ली, शुक्रवार, अक्तूबर 8, 1982/आश्विन 16, 1904
No. 13] NEW DELHI, FRIDAY, OCTOBER 8, 1982/ASVINA 16, 1904

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

## भारत अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण

### अधिसूचना

दिल्ली, 4 अक्तूबर, 1982

सेक्ट० 101/5/82.—भारत अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण, अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 1971 (1971 का 43) की धारा 37 की उपधारा (2) के खण्ड (ख), (छ), (ज), (झ), (ट), (ड) तथा (ढ) के साथ पठित धारा 37 की उपधारा (1) तथा धारा 38 की उपधारा (2) तथा धारा 39 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ.—(1) इन विनियमों का नाम भारत अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण (हवाई अड्डों का प्रबंध) विनियम, 1982 है।

(2) ये विनियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. लागू होना तथा विस्तार : ये विनियम बंबई (सांताक्रुज), कलकत्ता (दमदम) दिल्ली (पालम) तथा मद्रास (मीनाम्बाकम) के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों तथा अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण, 1971 की धारा-1 के खण्ड (13) के अंतर्गत इस प्रकार से अधिसूचित किए गए किसी भी अन्य विमान क्षेत्र पर लागू होंगे, परंतु ये विनियम सरकारी कर्मचारियों तथा प्राधिकरण के उन कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे जो कि प्रत्यक्ष रूप से विमान परिचालन से संबंधित अपनी सरकारी ड्यूटी पर होंगे।

3. परिभाषाएं—इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(1) "अधिनियम" से अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 1971 (1971 का 43) अभिप्रेत है ;

(2) "प्राधिकरण" से अधिनियम के अंतर्गत स्थापित किया गया भारत अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण अभिप्रेत है ;

(3) "हवाईअड्डे" से अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (क) में परिभाषित विमानक्षेत्र अभिप्रेत है ;

(4) "एप्रन" से विमानक्षेत्र की भूमि पर एक ऐसा निर्धारित क्षेत्र अभिप्रेत है जिसका अभिप्राय यात्रियों, डाक या माल को उतारने या चढ़ाने, पुनः ईंधन डालने, पार्किंग या अनुरक्षण के प्रयोजन के लिए विमान को खड़ा करना है ;

(5) "अध्यक्ष" से प्राधिकरण के अध्यक्ष अभिप्रेत है ;

(6) "सक्षम" प्राधिकारी से किसी शक्ति का प्रयोग करने के संबंध में प्राधिकरण, अध्यक्ष, अध्यक्ष द्वारा प्राधिकृत कोई सदस्य, विमानपत्तन का महाप्रबंधक अथवा इस संबंध में अध्यक्ष द्वारा विनिर्दिष्ट कोई अन्य अधिकारी अभिप्रेत है ;

(7) "सीमाशुल्क अधिनियम" से सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 अभिप्रेत है ;

(8) "युक्तिचालन क्षेत्र" से एप्रनों को छोड़कर हवाई अड्डे का वह भाग अभिप्रेत है जिसका प्रयोग हवाई जहाज के उड़ान भरने तथा उतरने के लिए तथा उड़ान भरने और उतरने से संबंधित हवाईजहाज के सतही संचलन के लिये किया जाता है ;

(9) "सदस्य" से प्राधिकरण का सदस्य अभिप्रेत है ;

(10) "मोटरगाड़ी अधिनियम" से मोटरगाड़ी अधिनियम, 1939 (1939 का 4) अभिप्रेत है ; तथा

(11) "संचलन क्षेत्र" से युक्तिचालन क्षेत्र तथा एप्रन सहित हवाई अड्डे का वह भाग अभिप्रेत है जो कि हवाईजहाज के सतही संचलन के लिए है ।

व्यक्तियों पर प्रतिबंध

(1) सूर्य छिपने और सूर्य निकलने के बीच की अवधि के दौरान तथा दिन में भी उस समय जब दृश्यता 500 मीटर से कम हो तो विमानक्षेत्र के उन भागों में चलने वाली गाड़ियां, जहां कि मोटर गाड़ी अधिनियम, 1939 लागू नहीं होता है, अपनी बत्तियां जलाएंगी ।

(2) सामान्य बत्तियों के अतिरिक्त, ईंधन के ट्रक यदि हवाईअड्डे के उन भागों में चलाए जाते हैं जहां कि मोटर गाड़ी अधिनियम लागू नहीं होता है तो इन ट्रकों में कम से कम तीन बत्तियां लगी होनी चाहिएं जो कि सभी तरफ से स्पष्ट दिखाई देती हों । सेवा गाड़ियों की बत्तियों का रंग पीला होना चाहिए तथा इमरजेंसी गाड़ियों की बत्तियों का रंग लाल होना चाहिए

(3) कोई भी व्यक्ति ऐसा कार्य नहीं करेगा जिससे कि आग लग जाए या आग लगने का खतरा हो ।

(4) जब तक विमानक्षेत्र के महाप्रबन्धक से विशेष अनुमति न ली गई हो तब तक कोई व्यक्ति एयरपोर्ट पर किसी प्रकार के खतरनाक माल या सामग्री या पशुओं का वहन तथा/भण्डार नहीं करेगा और ऐसा करने में वह व्यक्ति विमानक्षेत्र के महाप्रबन्धक द्वारा यथा-निर्धारित शर्तों का अनुपालन करेगा ।

(5) कोई भी व्यक्ति विमानक्षेत्र के महाप्रबन्धक की पूर्वानुमति के बिना आग जलाने के प्रयोजन के लिए निर्मित स्थान के अलावा किसी भी अन्य स्थान पर आग नहीं जलाएगा ।

(6) कोई भी व्यक्ति विमानक्षेत्र के महाप्रबन्धक से 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' लिए बिना किसी आधानपात्र को, जिसमें वाहन का कोई भी भाग सम्मिलित है, तरल ईंधन से, विमानक्षेत्र के महाप्रबन्धक द्वारा इस प्रयोजन के लिए अनुमोदित स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर तथा भारतीय वायुयान नियमों में निर्धारित तरीके के अलावा किसी अन्य तरीके से नहीं भरेगा अथवा खाली करेगा ।

(7) कोई व्यक्ति विधिसम्मत अधिकार अथवा युक्तियुक्त सफाई के बगैर किसी टेलीफोन या सार्वजनिक घोषणा प्रणाली, किसी लिफ्ट, एस्केलेटर, वाहक पट्टे या किसी मैकेनिकल या इलेक्ट्रिकल या वायरलैस टेलीग्राफ उपकरण, मशीनरी लाइन, अथवा अन्य किसी ऐसी वस्तु के साथ जो कि चाहे उक्त उपकरण का भाग है अथवा उसमें प्रयोग में आती है अथवा उसके संचलन में काम आती है छेड़छाड़ अथवा हस्तक्षेप नहीं करेगा या नुकसान नहीं पहुंचाएगा या हटाये या दुरुपयोग नहीं करेगा या छेड़छाड़ करने या हस्तक्षेप करने की कोशिश नहीं करेगा ।

(8) कोई भी व्यक्ति विमानक्षेत्र के महाप्रबन्धक द्वारा जारी की गई लिखित अनुमति की शर्तों को छोड़कर किसी पशु का न तो वध करेगा, न खाल उतारेगा और न ही किसी प्रकार का ऐसा कूड़ा, गन्द कचरा या कोई अन्य प्रदूषित या दुर्गन्धित चीज, जिससे कि एयरपोर्ट के अंदर गिद्ध या अन्य पशु तथा पक्षी आकर्षित होते हों, या आकर्षित होने की संभावना हो जमा नहीं करेगा या नहीं डालेगा ।

(9) कोई भी व्यक्ति विमानक्षेत्र के महाप्रबन्धक की अनुमति लिए बिना विमानक्षेत्र पर पशुओं को खुला नहीं छोड़ेगा [illegible]

(10) कोई भी व्यक्ति किसी विमान या किसी विमान के संबंध में प्रयोग की जाने वाली किसी चीज के साथ छेड़छाड़ या हस्तक्षेप नहीं करेगा ।

(11) कोई भी व्यक्ति विमान के इंचार्ज या विमान के मालिक अधिकार प्राप्त किए बिना किसी विमान के किसी भाग में प्रवेश करेगा और न चढ़ेगा या प्रवेश करने की अथवा चढ़ने की कोशिश भी नहीं करेगा ।

(12) कोई भी व्यक्ति विधिसम्मत अधिकार या युक्तियुक्त सफाई के बिना किसी गाड़ी, ट्रक, ट्राली या विमान की सीढ़ियों में न प्रवेश करेगा और न चढ़ेगा या न प्रवेश करने अथवा चढ़ने की कोशिश ही करेगा या ब्रेकों या इसके मेकेनिज्म के अन्य भागों के साथ छेड़छाड़ ही करेगा ।

(13) किसी विमान का विमानचालक या मालिक या इंचार्ज यदि विमान को हैंगर के बजाय खुली जगह में खड़ा करता है तो वह उसे ठीक प्रकार से बांधेगा अथवा किसी अन्य तरीके से उसे सुरक्षित करेगा ।

(14) कोई भी व्यक्ति विमानक्षेत्र के महाप्रबन्धक से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' लिए बिना हैंगर में खड़े विमान के इंजन को नहीं चलाएगा ।

(15) कोई भी व्यक्ति विमानक्षेत्र के उन भागों में, जहां कि मोटरगाड़ी अधिनियम लागू नहीं होता है, तबतक कोई वाहन नहीं चलाएगा, जब तक कि उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा-निर्धारित किसी परीक्षण या परीक्षा पास करने के पश्चात् विमानक्षेत्र के महाप्रबन्धक द्वारा विशेष रूप से प्राधिकृत न किया गया हो ।

परंतु फिर भी विमानक्षेत्र के महाप्रबन्धक हवाईअड्डे के जिन भागों में उपरोक्त अधिनियम लागू नहीं होता, उन भागों में गाड़ी चलाने की अनुमति देने से पूर्व उस व्यक्ति से यथानिर्धारित परीक्षण या परीक्षा पास कर लेने के बाद भी मोटर गाड़ी अधिनियम के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कह सकते हैं ।

(16) इस प्रकार के किसी मोबाइल उपकरण या गाड़ी को जिसे कि स्थानीय सरकार के परिवहन प्राधिकरण द्वारा उपयुक्तता का प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है हवाईअड्डे के संचलन क्षेत्र में परिचालन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी । ऐसी गाड़ियों के चालक तथा मालिक उन्हें विमानक्षेत्र के महाप्रबन्धक या इस संबंध में प्राधिकृत किए गए अधिकारियों के समक्ष उपयुक्तता से संबंधित प्रमाणपत्र जारी करने के लिए उसके द्वारा यथानिर्धारित परीक्षणों या जांचों के लिए उपस्थित करेंगे जहां कि ऐसा प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए स्थानीय सरकार के परिवहन प्राधिकरण से आवेदन न किया हो । परन्तु ऐसे सभी या किसी भी उपकरण या गाड़ियों को, जिन्हें स्थानीय सरकार के परिवहन प्राधिकरण द्वारा उपयुक्तता प्रमाण-पत्र जारी किया गया है विमान क्षेत्र के महाप्रबन्धक सुरक्षित परिचालन के उद्देश्य से यथावश्यक जांच या परीक्षण के लिए अपने सामने या इस संबंध में उनके द्वारा प्राधिकृत किए गए किसी अन्य अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं ।

(17) विमानक्षेत्र के उन भागों पर जहां मोटरगाड़ी अधिनियम लागू नहीं होता है वहां कोई भी व्यक्ति लापरवाही से अथवा खण्ड 18 के अंतर्गत महाप्रबन्धक द्वारा निषिद्ध की गई गति पर गाड़ी नहीं चलाएगा ।

(2) The General Manager of the Airport may remove or cause to be removed at the cost of the party concerned any unauthorised boards, advertisements, posters, counters, kiosks, or other structures within the airport premises.

11. Requiring any person to leave the airport or any particular part of the airport.—Any person acting in contravention of these regulations can be asked by the General Manager of Airport to leave the airport area.

12. Photography at airports.—No person shall take or cause or permit to be taken at the airport any photograph, except in accordance with and subject to the terms and conditions of a permission in writing granted by the Director General of Civil Aviation under Rule 13 of the Indian Aircraft Rules, 1937.

13. General Provisions.—(1) The Authority assumes no liability whatsoever for damage which might be sustained by any person or company in consequence of the fact that the airport or any part thereof and its facilities cannot at the discretion of the authority be made available temporarily for use for valid reasons or due to circumstances beyond the control of the authority.

(2) The Airline companies or their representatives at the airports, shall inform the General Manager of airport in advance of the schedules of arrival and departure times of the aircraft calling at the airports.

(3) The Airline companies or their representatives shall provide traffic statistics in respect of their operations in such form and at such intervals as may be required by the General Manager.

(4) Furniture and fixtures provided in the airport premises for the use of passengers and visitors shall be used only for the purpose for which they are intended and shall not be put to any misuse.

(5) No person shall, without the ptrmission of the General Manager airport sell or distribute anything, offer anything for sale or hire or make any offer of services within airport.

(6) The users of the airport shall be liable to pay compensation to the authority for any damage or loss which may be caused to the property of the authority as a result of not following these regulations, orders or instructions issued by the competent authority from time to time.

(7) No person shall carry on any trade or business at the airport without obtaining specific permission or licence from the competent authority who shall have the right to refuse for reasons to be recorded in writing or grant such permission and if granting, subject to such terms and conditions as may be determined by the competent authority.

(8) The General Manager of the airport or any other person authorised by the Chairman by special or general order in writing in this behalf may at all reasonable times enter any place to which access is necessary for the purpose of exercising the powers or carrying out his duties under these regulations.

(9) Obstruction of authorised persons.—No person shall voluntarily obstruct any person acting in the exercise of his powers or in the discharge of his duties under these regulations.

14. Penalties.—Any person contravening any of the provision of these regulations shall be punishable with fine which may extend to five hundred rupees and in the case of continuing contravention with an additional fine which may extend to Rs. 20 for everyday during which such contravention continues after conviction for the first such contravention.

Capt. A. M. KAPUR, Chairman
International Airport Authority of India
Yashwant Place, Chanakyapuri
New Delhi-110021.

PRINTED BY THE MANAGER, GOVT. OF INDIA PRESS, RING ROAD, NEW DELHI-110064
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI-110054, 1982